राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 194 / 2022 दिनांकः– 31 मार्च, 2022

अति आवश्यक / अनुस्मारक–2 / अन्तिम अवसर

सेवा में

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक
समस्त बी0एड0 महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़

विषयः– बी0एड0 2022–24 हेतु सूचना उपलब्ध कराया जाना।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–आर0एम0पी0यू0 / 57 / 2022 दिनांक 16 फरवरी, 2022 एवं अनुस्मारक प्रथम दिनांक 02 मार्च, 2022 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा महाविद्यालयों में संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में कतिपय बिन्दुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी, परन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा वांछित सूचना अभी तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

2. वांछित सूचना के अभाव में महाविद्यालय में संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन0सी0टी0ई0) एवं विश्वविद्यालय अधिनियम द्वारा निर्धारित मानकों का पालन कर रहा है अथवा नहीं, यह स्पष्ट नहीं किया जा सकता।

3. प्राप्त अभिलेखानुसार लगभग 100 महाविद्यालयों को बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2022–23 की सम्बद्धता प्राप्त नहीं है, तथा अधिकांश महाविद्यालयों में शिक्षक अनुमोदित एवं कार्यरत नहीं है।

4. मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 16 फरवरी, 2022 में अंकित बिन्दुओं की अनुपालन आख्या **दिनांक 11 अप्रैल, 2022 की सायं 5 बजे तक विश्वविद्यालय में अवश्य उपलब्ध करा दें** अन्यथा यह अवधारित किया जायेगा कि महाविद्यालय में मानकानुसार शिक्षक कार्यरत नहीं है एवं कतिपय महाविद्यालयों को सत्र 2022–23 की सम्बद्धता प्राप्त नहीं है, और महाविद्यालय राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन0सी0टी0ई0) एवं विश्वविद्यालय अधिनियम द्वारा निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहा है। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय का नाम आगामी संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

5. **जिन महाविद्यालयों में बी0एड0 पाठ्यक्रम की सत्र 2022–23 हेतु सम्बद्धता प्राप्त नहीं है एवं उनके महाविद्यालयों में मानकानुसार शिक्षक अनुमोदित / कार्यरत नहीं है, ऐसे महाविद्यालय तत्काल सम्पूर्ण पत्रावली के साथ विश्वविद्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि उनके प्रकरणों में शीघ्रता से निर्णय लिया जा सके।**

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1 कुलपति, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़।
3 गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner